इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 45] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 9 नवम्बर 2012—कार्तिक 18, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 अक्टूबर 2012

क्र. ई-5-485-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री के. पी. सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सार्वजनिक उपक्रम विभाग को दिनांक 8 से 12 अक्टूबर 2012 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 12 एवं 13 अक्टूबर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री के. पी. सिंह की अवकाश की अवधि में श्री बी. आर. नायडू, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सार्वजनिक उपक्रम विभाग का कार्यभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. पी. सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सार्वजनिक उपक्रम विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. पी. सिंह द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सार्वजनिक उपक्रम विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री बी. आर. नायडू सार्वजनिक उपक्रम विभाग के कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. पी. सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. पी. सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 11 अक्टूबर 2012

क्र. ई-5-370-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग को दिनाकं 12 से 24 नवम्बर 2012 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 10, 11 एवं 25 नवम्बर 2012 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी की अवकाश अवधि में श्री अन्टोनी जे.सी. डिसा, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, गृह विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री इन्द्रनील शंकर दाणी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अन्टोनी जे. सी. डिसा, गृह विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री इन्द्रनील शंकर दाणी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री इन्द्रनील शंकर दाणी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-823-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्रीमती शशि कर्णावत, आयएएस, उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को दिनांक 15 से 23 अक्टूबर 2012 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती शशि कर्णावत को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न, उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती शशि कर्णावत को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती शशि कर्णावत, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 12 अक्टूबर 2012

क्र. ई-5-818-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री एन. एस. भटनागर, आयएएस, अपर आयुक्त (राजस्व) जबलपुर संभाग को दिनांक 15 से 26 अक्टूबर 2012 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 13, 14 एवं 27, 28, 29 अक्टूबर 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एन. एस. भटनागर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त (राजस्व) जबलपुर संभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एन. एस. भटनागर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एन. एस. भटनागर, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-834-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती रजनी उईके, आयएएस., अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सचिव, मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग को दिनांक 22 से 26 अक्टूबर 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती रजनी उईके को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सचिव, मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती रजनी उईके को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती रजनी उईके, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 15 अक्टूबर 2012

क्र. ई. 5-817-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राहुल जैन, आयएएस., कलेक्टर, जिला होशंगाबाद को दिनांक 1 से 7 नवम्बर 2012 तक, सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री राहुल जैन की अवकाश अवधि में श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, भाप्रसे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत होशंगाबाद

को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, कलेक्टर जिला होशंगाबाद का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री राहुल जैन को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला होशंगाबाद के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री राहुल जैन द्वारा कलेक्टर, होशंगाबाद का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर, जिला होशंगाबाद के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री राहुल जैन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राहुल जैन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-886-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री गणेश शंकर मिश्रा, आयएएस, अनुविभागीय अधिकारी, मुलताई जिला बैतूल को दिनांक 22 से 26 अक्टूबर 2012 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 20, 21 एवं 27, 28, 29 अक्टूबर 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री गणेश शंकर मिश्रा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी, मुलताई जिला बैतूल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री गणेश शंकर मिश्रा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री गणेश शंकर मिश्रा, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 16 अक्टूबर 2012

क्र. ई-5-547-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री शैलेन्द्र सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 26 सितम्बर 2012 द्वारा दिनांक 25 से 29 सितम्बर 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है, में आंशिक संशोधन करते हुए, अब उन्हें दिनांक 26 से 28 सितम्बर 2012 तक, तीन दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 29 सितम्बर 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

क्र. ई-5-547-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री शैलेन्द्र सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को दिनांक 15 से 19 अक्टूबर 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री शैलेन्द्र सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री शैलेन्द्र सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शैलेन्द्र सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-910-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती शनमुगा प्रिया आर., आयएएस., सहायक कलेक्टर, जिला सिंगरौली को दिनांक 19 से 26 अक्टूबर 2012 तक, आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 27, 28 एवं 29 अक्टूबर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती शनमुगा प्रिया आर.को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सहायक कलेक्टर, जिला सिंगरौली के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती शनमुगा प्रिया आर. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती शनमुगा प्रिया आर. अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 17 अक्टूबर 2012

क्र. बी-1-90-2012-2-एक.—सुश्री अंजली सिंह ठाकुर (आर आर 2012), राप्रसे परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर, रायसेन ने आवेदन पत्र दिनांक 26 सितम्बर 2012 द्वारा विवाहोपरांत उप नाम श्रीमती अंजली शाह पत्नी श्री नीलमणि शाह परिवर्तित करने का अनुरोध किया है.

(2) राज्य शासन, एतद्द्वारा सुश्री अंजली सिंह ठाकुर, राप्रसे के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनका नाम सुश्री अंजली सिंह ठाकुर के स्थान पर श्रीमती अंजली शाह पत्नी श्री नीलमणि शाह परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(3) उपरोक्तानुसार उप नाम परिवर्तन करने की प्रविष्टि श्रीमती अंजली शाह के सेवा अभिलेखों में की जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विद्या भोसले, अवर सचिव, 'कार्मिक'.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 अक्टूबर 2012

एफ. क्र. 11-02-2010-सात-6.—भारत सरकार, गृह मंत्रालय के पत्र क्रमांक 11-4-2011-एम एण्ड जी दिनांक 20 सितम्बर, 2012 द्वारा संसूचित अनापत्ति अनुसरण में राज्य शासन एतद्द्वारा सीहोर जिले के बुदनी तहसील के ग्राम "सुड़ानिया" का नाम परिवर्तित कर "श्यामनगर" करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 19 अक्टूबर 2012

क्र. एफ. 11-02-2010-सात-6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ 11-02-2010-सात-6, दिनांक 19 अक्टूबर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

Bhopal, the 19th October, 2012

F.No. 15-02-2010-Seven-6.—In pursuance of no objection conveyed by Govt. of India, Ministry of Home Affairs vide their letter No. 11-4-2011-M & G dated 20 September, 2012 the State Government hereby change the name of village of "SUDANIA" tahsil Budni, district Sehore as "SHYAMNAGAR" with immediate effect.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ASHOK GUPTA, Addl. Secy.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर, 2012

फा. क्र. 1-5-96-3108-2012-इक्कीस-ब(एक).—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का 49) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-5-96-21-ब (एक), दिनांक 12 अप्रैल, 2012 को जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-1 में दिनांक 20 अप्रैल, 2012 को प्रकाशित हुई थी, को आंशिक रूप से अतिष्ठित करते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा, श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, भोपाल को, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट अपराधों के संबंध में, दिल्ली पुलिस तथा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) के अधीन अन्वेषण किये गए मामलों के विचारण के लिये, नीचे विनिर्दिष्ट किये गए राजस्व जिलों में समाविष्ट क्षेत्रों के लिये विशेष न्यायाधीश के रूप में, नियुक्त करता है, जिनका मुख्यालय भोपाल होगा, अर्थात् :—

राजस्व जिले

(1) ग्वालियर (2) गुना (3) शिवपुरी (4) छतरपुर (5) दतिया (6) अशोकनगर (7) भिण्ड.

F. No. 1-5-96-3108-2012-XXI-B (One).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988) and in partial supersession of this Department's Notification F. No. 1-5-96-XXI-B (1), dated 12th April, 2012, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part-I dated 20th April, 2012, the State Government, in Consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby appoints Shri Manoj Kumar Shrivastava, IInd Additional Sessions Judge, Bhopal as a Special Judge with Head Quarter at Bhopal for the areas comprising of the revenue districts specified below to try the cases in regard to the offences specified in clauses (a) and (b) of sub-section (1) of Section 3 of the said Act investigated under the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (No. 25 of 1946), by the Delhi Police and Central Bureau of investigation, namely :—

Revenue Districts

(1) Gwalior (2) Guna (3) Shivpuri (4) Chhatarpur (5) Datia (6) Ashoknagar (7) Bhind.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर 2012

फा. क्र. 1(बी)-8-2004-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23 अक्टूबर 2010 द्वारा नियुक्त श्री किशोर श्रीवास्तव, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक, पन्ना के कार्यकाल दिनांक 23 अक्टूबर 2011 को समाप्त होने के पश्चात् उसे दिनांक 23 अक्टूबर 2011 से 22 अक्टूबर 2014 तक तीन वर्ष की अवधि हेतु पुर्ननियुक्त इस शर्त के अधीन किया जाता है कि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

(**टीप.**—श्री किशोर श्रीवास्तव की जन्म तिथि 27 अप्रैल 1969 सत्ताईस अप्रैल उन्नीस सौ उनहत्तर है और उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 27 अप्रैल 2031 सत्ताईस अप्रैल दो हजार इक्कतीस को पूर्ण होगी).

भोपाल, दिनांक 7 नवम्बर 2012

फा. क्र. 1(सी) 08-2012-एट्रोसिट-इक्कीस-ब(2)-**शुद्धि-पत्र.**—इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 18 अक्टूबर 2012 जो ''मध्यप्रदेश राजपत्र'', भाग-1, दिनांक 2 नवम्बर 2012 में पृष्ठ क्रमांक 3879 में प्रकाशित हुई है, में शब्द ''श्री निदेश शर्मा'' के स्थान पर शब्द ''श्री दिनेश शर्मा'' पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एम. चतुर्वेदी, सचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 31 अक्टूबर 2012

क्र. एफ-1(ए) 190-91-ब-2-दो.—श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक विसबल, ग्वालियर को निजी कार्य हेतु दिनांक 1 नवम्बर 2012 से 9 नवम्बर 2012 तक नौ दिवस अर्जित अवकाश 10 एवं 11 नवम्बर 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री एस. डब्ल्यू. नकवी, भापुसे पुलिस महानिरीक्षक, चम्बल जोन, ग्वालियर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एस. एम. अफजल, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, द्वारा पुलिस महानिरीक्षक विसबल, ग्वालियर का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका 2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इन्द्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
''निर्वाचन भवन''
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)

आदेश

भोपाल, दिनांक 31 अक्टूबर 2012

क्र. एफ. 67-88-10-तीन-1799.—मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम देवास** जिला देवास के आम निर्वाचन में **सुश्री शमीना सलीम,** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर दिनांक 14 जनवरी 2010 तक **सुश्री शमीना सलीम** को निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, देवास** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवास के पत्र दिनांक 21 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री शमीना सलीम** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री शमीना सलीम** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 4 फरवरी 2010 को जारी कर, **कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, देवास** के माध्यम से दिनांक 3 मार्च 2012 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **सुश्री शमीना सलीम** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

अभ्यर्थी **सुश्री शमीना सलीम** को नोटिस दिनांक 3 मार्च 2012 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 18 मार्च 2012 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा को **सुश्री शमीना सलीम** को नोटिस तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर से उनका अभिमत चाहा गया. डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला देवास से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 31 मई 2012 के द्वारा लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री शमीना सलीम** को आयोग द्वारा जारी किये गये नोटिस की तामीली उपरान्त प्रतिवेदन दिनांक 31 मई 2012 तक उनके कार्यालय में लेखा अथवा विलंब से लेखा प्रस्तुति के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री शमीना सलीम** को दिनांक 11 अक्टूबर 2012 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग के कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **सुश्री शमीना सलीम** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. अभ्यर्थी **सुश्री शमीना सलीम** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 26 जून 2012 को तामीली तहसीलदार देवास के माध्यम से दिनांक 12 जुलाई 2012 को तामील कराई गई, लेकिन अभ्यर्थी उक्त दिवस को आयोग में उपस्थित नहीं हुई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **सुश्री शमीना सलीम** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री शमीना सलीम** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिक निगम, देवास, जिला देवास** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(ए. के. शर्मा)
प्रभारी सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 31 अक्टूबर 2012

क्र. एफ. 67-114-10-तीन-1810.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **(नगर पंचायत) नगर परिषद् कुरवाई, जिला विदिशा** के आम निर्वाचन में **श्रीमती सलमा बेगम,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. (नगर पंचायत) नगर परिषद् कुरवाई जिला विदिशा के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने की

अंतिम तिथि 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, विदिशा** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विदिशा के पत्र क्र. 565-स्था. निर्वा.-10, दिनांक 20 अप्रैल, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सलमा बेगम द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती सलमा बेगम** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 7 मई 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला **निर्वाचन अधिकारी, विदिशा** के माध्यम से दिनांक 28 मई 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

श्रीमती सलमा बेगम को नोटिस दिनांक 28 मई 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 12 जून 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर विदिशा ने अपने पत्र दिनांक 7 जून 2012 में लेख किया कि **श्रीमती सलमा बेगम** के द्वारा कारण बताओ नोटिस की तामीली पश्चात् कोई अभ्यावेदन आदि प्रस्तुत नहीं किया गया है. कलेक्टर विदिशा से उक्त अभिमत प्राप्त होने पर आयोग द्वारा दिनांक 19 जून, 2012 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 20 सितम्बर, 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती सलमा बेगम** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **(नगर पंचायत) नगर परिषद्, कुरवाई, जिला विदिशा** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(ए. के. शर्मा)
प्रभारी सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 31 अक्टूबर 2012

क्र. एफ. 67-114-10-तीन-1811.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **(नगर पंचायत) नगर परिषद् कुरवाई, जिला विदिशा** के आम निर्वाचन में **श्रीमती सुनीता गोस्वामी**, अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थीं. (नगर पंचायत) नगर परिषद् कुरवाई जिला विदिशा के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा **जिला निर्वाचन अधिकारी, विदिशा** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विदिशा के पत्र क्र. 565-स्था. निर्वा.-10, दिनांक 20 अप्रैल, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती सुनीता गोस्वामी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती सुनीता गोस्वामी** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 7 गई 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला **निर्वाचन अधिकारी, विदिशा** के माध्यम से दिनांक 28 मई 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह

भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

श्रीमती सुनीता गोस्वामी को नोटिस दिनांक 28 मई 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 12 जून 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर विदिशा ने अपने पत्र दिनांक 7 जून 2012 में लेख किया कि **श्रीमती सुनीता गोस्वामी** के द्वारा कारण बताओ नोटिस की तामीली पश्चात् कोई अभ्यावेदन आदि प्रस्तुत नहीं किया गया है. कलेक्टर विदिशा से उक्त अभिमत प्राप्त होने पर आयोग द्वारा दिनांक 19 जून, 2012 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 20 सितम्बर, 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती सुनीता गोस्वामी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **(नगर पंचायत) नगर परिषद्, कुरवाई, जिला विदिशा** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(ए. के. शर्मा)
प्रभारी सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी
मध्यप्रदेश भोपाल
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

भोपाल, दिनांक 1 नवम्बर 2012

क्र. 8298-3470-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 6 अगस्त 2012 को प्रश्नपत्र-दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया-द्वितीय (पुस्तकों सहित-दाण्डिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

उच्चस्तर

भोपाल संभाग

1	श्री जे. विजय कुमार	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
2	सुश्री रूचिका चौहान	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
3	श्री विजय दत्ता बी.	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
4	श्री मोहित बुन्दस	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
5	श्री सौरभ कुमार सुमन	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
6	श्री अनुग्रह पा	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
7	सुश्री नेहा मारव्या	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
8	श्री हरजिन्दर सिंह	सहायक कलेक्टर
9	श्री व्ही. एस. चौधरी कोलसानि.	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)

होशंगाबाद संभाग

10	श्री कवीन्द्र नाथ राय	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
11	श्री विजय सिंह सराटिया	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.

उज्जैन संभाग

12	श्री अभिषेक गेहलोत	डिप्टी कलेक्टर
13	श्री श्यामेन्द्र जायसवाल	डिप्टी कलेक्टर

सागर संभाग

14	श्री चन्द्र प्रकाश पटेल	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
15	कु. सपना स्मृति खेमरिया	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
16	श्री रोशन राय	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
17	श्री दिलीप कुमार चौरसिया.	नायब तहसीलदार (सश्रेय)
18	श्री शैवाल सिंह	नायब तहसीलदार (सश्रेय)
19	श्रीमती वर्षा शर्मा	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.

ग्वालियर संभाग

20	कु. दिव्या अवस्थी	डिप्टी कलेक्टर
21	कु. शिखा पोरस	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)

(1)	(2)	(3)
22	कु. पूनम सिंह	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख. (सश्रेय)
23	कु. ज्योति ठोके	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
24	कु. स्मिता कुमारी	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
25	श्री विवेक कुमार शर्मा	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
26	श्री दिपक कुमार अवस्थी	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
27	श्री ललित कुमार ग्वालवंशी	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख. (सश्रेय)
28	श्री मोहन लाल वर्मा	राजस्व निरीक्षक
	जबलपुर संभाग	
29	श्री नम:शिवाय अरजरिया	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
30	कु. रंजना पाटने	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
31	श्री ऋषि पंवार	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
32	कु. साधना सिंह सिंगराम	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
33	श्री गणेश कुमार जायसवाल	डिप्टी कलेक्टर
34	कु. सुलेखा ठाकुर	डिप्टी कलेक्टर
35	श्री चंद्र प्रताप गोहल	डिप्टी कलेक्टर
36	श्री पंकज नयन तिवारी	नायब तहसीलदार
37	श्री गौरव कुमार पाण्डेय	नायब तहसीलदार
38	श्री श्याम नन्दन चन्देल	नायब तहसीलदार
39	श्रीमती रीति सोनवे नाग	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
40	श्री सहदेव सिंह मार्को	राजस्व निरीक्षक
41	श्री मनीराम आर्मो	राजस्व निरीक्षक
	इन्दौर संभाग	
42	श्री शाश्वत सिंह मीना	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
43	श्री अरविन्द चौहान	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
44	श्री अनुकूल जैन	डिप्टी कलेक्टर
45	श्री विजय तलवारे	नायब तहसीलदार
46	श्री महेश सिंह सोलंकी	नायब तहसीलदार
47	श्री राकेश सस्तियां	नायब तहसीलदार
48	श्री प्रकाश परिहार	नायब तहसीलदार
49	श्रीमती मधु नायक	नायब तहसीलदार
50	कु. रेशम गवली	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख. (सश्रेय)
51	कु. श्वेता जमरा	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख. (सश्रेय)
52	श्री लोकेश आहुजा	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
53	श्री मुकेश मालवीय	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
54	श्री राधेश्याम धाकड़	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
55	श्री प्रदीप शिगुंल	राजस्व निरीक्षक
56	श्री श्रीकान्त सारोलकर	राजस्व निरीक्षक
57	श्री संतोष कुमार शौनकिया	राजस्व निरीक्षक
58	श्री नंद किशोर मालवीय	राजस्व निरीक्षक
	रीवा संभाग	
59	श्री नीलाम्बर मिश्र	डिप्टी कलेक्टर
60	श्री राजीव कुमार पाण्डेय	नायब तहसीलदार
61	श्री आशीष अग्रवाल	नायब तहसीलदार
	शहडोल संभाग	
62	श्री नीलमणि अग्निहोत्री	डिप्टी कलेक्टर
63	श्री हेमन्त सिंह वरकड़े	राजस्व निरीक्षक
64	श्री लालमणि प्रजापति	राजस्व निरीक्षक
65	श्री विश्वम्भर सिंह मरावी	राजस्व निरीक्षक
66	श्री संतोष कुमार चौधरी	राजस्व निरीक्षक

निम्नस्तर

	भोपाल संभाग	
1	श्रीमती नेहा जैन	नायब तहसीलदार
2	श्रीमती प्रेमलता पाल	नायब तहसीलदार
3	श्री सानत राव देशमुख	नायब तहसीलदार
4	श्रीमती रितु भार्गव	नायब तहसीलदार
5	श्री सुधाकर प्रसाद तिवारी	नायब तहसीलदार
6	श्रीमती सविता पटेल	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
7	श्री अरविन्द कुमार गुप्ता	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
8	श्री हेमराज मैहर	राजस्व निरीक्षक
9	श्री शरीफ अहमद	राजस्व निरीक्षक
10	श्री राधेश्याम राठौर	राजस्व निरीक्षक
11	श्री राजेश कुमार धाड़से	राजस्व निरीक्षक
	होशंगाबाद संभाग	
12	श्री श्याम कुमार खरे	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
	उज्जैन संभाग	
13	श्री प्रभुदयाल गुप्ता	राजस्व निरीक्षक
14	श्री रूपसिंह राजपूत	राजस्व निरीक्षक
15	श्री जगत सिंह ठाकुर	राजस्व निरीक्षक
	सागर संभाग	
16	श्री हरिशंकर नामदेव	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
17	श्री परमाल सिंह कैन	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.

(1)	(2)	(3)
18	श्रीमती इन्दु गौड़	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.

ग्वालियर संभाग

19	श्री मुकेश कुमार शर्मा	डिप्टी कलेक्टर
20	कु. नेहा शिवहरे	डिप्टी कलेक्टर
21	श्री बाबू खां पठान	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
22	श्री शोभाराम कुशवाह	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
23	श्री कैलाश बाबू श्रीवास्तव	राजस्व निरीक्षक
24	श्री श्याम सुन्दर सिंह सराटिया.	राजस्व निरीक्षक
25	श्री ए. के. सिंह	राजस्व निरीक्षक
26	श्री शशिकान्त गुप्ता	राजस्व निरीक्षक
27	श्री रामदीन सिंह सेमिल	राजस्व निरीक्षक
28	श्री सुरेन्द्र सिंह राजौरिया	राजस्व निरीक्षक
29	श्री बलवीर सिंह भदौरिया	राजस्व निरीक्षक
30	श्री मुन्नालाल जमोरिया	राजस्व निरीक्षक
31	श्री लाल बहादुर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
32	श्री प्रताप सिंह पटेलिया	राजस्व निरीक्षक

जबलपुर संभाग

33	श्री हीरालाल तिवारी	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
34	श्री धर्मराज तुरकर	राजस्व निरीक्षक
35	श्री रामलोचन तिवारी	राजस्व निरीक्षक
36	श्री दशमंता मरावी	राजस्व निरीक्षक
37	श्री तेजीलाल उईके	राजस्व निरीक्षक
38	श्री पुन्नूलाल साण्ड्या	राजस्व निरीक्षक
39	श्री पोहपसिंह टेकाम	राजस्व निरीक्षक
40	श्री सुन्दरलाल यादव	राजस्व निरीक्षक
41	श्री चेतराम पन्धा	राजस्व निरीक्षक
42	श्री मनोज कुमार नामदेव	राजस्व निरीक्षक
43	श्री राम प्रताप सिंह गौड़	राजस्व निरीक्षक
44	श्री श्यामलाल धानक	राजस्व निरीक्षक
45	श्री मोतीलाल डेहरिया	राजस्व निरीक्षक
46	श्री सुखलाल डेहरिया	राजस्व निरीक्षक

इन्दौर संभाग

47	श्री हरिबाबू श्रीवास्तव	नायब तहसीलदार
48	श्री अखिलेश शर्मा	नायब तहसीलदार
49	श्री राजकुमार खरे	राजस्व निरीक्षक
50	श्री श्रीकान्त तिवारी	राजस्व निरीक्षक
51	श्री सुधीर शर्मा	राजस्व निरीक्षक

रीवा संभाग

52	कु. श्रृद्धा तिवारी	नायब तहसीलदार
53	श्री वीरेन्द्र कुमार पटेल	नायब तहसीलदार
54	श्री इन्द्रभान सिंह	राजस्व निरीक्षक
55	श्री ललन सिंह	राजस्व निरीक्षक
56	श्री तेजपति सिंह	राजस्व निरीक्षक
57	श्री रामनरेश गौतम	राजस्व निरीक्षक
58	श्री राम प्रताप सोनी	राजस्व निरीक्षक
59	श्री राज नारायण पाण्डेय	राजस्व निरीक्षक
60	श्री सुवेन्द्र सिंह	राजस्व निरीक्षक

शहडोल संभाग

61	श्री संदीप कुमार बघेल	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख.
62	श्री चन्द्रसिंह मरावी	राजस्व निरीक्षक
63	श्री धनकुंवर टोप्पो	राजस्व निरीक्षक
64	श्री मनोज सिंह	राजस्व निरीक्षक
65	श्री राजाराम कौल	राजस्व निरीक्षक
66	श्री सुदामा प्रसाद पाण्डेय	राजस्व निरीक्षक
67	श्री गणेश प्रसाद बर्मन	राजस्व निरीक्षक
68	श्री माधव प्रसाद मोगरे	राजस्व निरीक्षक
69	श्री शिवशंकर मिश्र	राजस्व निरीक्षक
70	श्री दिनेश तिवारी	राजस्व निरीक्षक
71	श्री विनोद सिंह	राजस्व निरीक्षक

क्र. 8300-3451-अका-वपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 8 अगस्त 2012 को प्रश्नपत्र प्रक्रिया-प्रथम (बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

भोपाल संभाग

1	श्री कलिराम उईके	वन क्षेत्रपाल
2	श्री सुधीर पटले	वन क्षेत्रपाल
3	श्री सुभाष शर्मा	वन क्षेत्रपाल

(1)	(2)	(3)
	होशंगाबाद संभाग	
4	श्री रामस्वरूप उईके	वन क्षेत्रपाल
5	श्री चित्रक सिंह सोलंकी	वन क्षेत्रपाल
6	श्री बाबूलाल मुवैल	वन क्षेत्रपाल
7	श्री सेवक राम मण्डलोई	वन क्षेत्रपाल
	जबलपुर संभाग	
8	श्री राजेन्द्र सिंह चौहान	वन क्षेत्रपाल
9	सुश्री अर्चना नारनवरे	वन क्षेत्रपाल
10	श्री भूरा गायकवाड़	वन क्षेत्रपाल
11	श्री रमेश गेहलोत	वन क्षेत्रपाल
12	श्री क्रान्ति झारिया	वन क्षेत्रपाल
13	श्री सुरेश कुमार भलावी	वन क्षेत्रपाल
14	कु. अंजना मर्सकोले	वन क्षेत्रपाल
15	श्री सुरसिंग कल्वेलिया	वन क्षेत्रपाल
16	कु. प्रिती शाक्या	वन क्षेत्रपाल
17	कु. विध्या गिनारे	वन क्षेत्रपाल
18	श्री अनिल कुमार क्षत्रिय	वन क्षेत्रपाल
	इन्दौर संभाग	
19	श्री सरदार सिंह चौहान	वन क्षेत्रपाल
20	श्री बिसन सिंह मौर्य	वन क्षेत्रपाल
	सागर संभाग	
21	श्री दिनेश मौर्य	वन क्षेत्रपाल
22	श्री माधोराव उईके	वन क्षेत्रपाल
	रीवा संभाग	
23	श्री रामेश्वर उईके	वन क्षेत्रपाल
24	श्री लक्सा सोलंकी	वन क्षेत्रपाल
	शहडोल संभाग	
25	श्री विवेक कुमार कोल	वन क्षेत्रपाल
26	श्री अम्बिका प्रसाद मेरावी	वन क्षेत्रपाल
27	श्री शिवकुमार ककोड़िया	वन क्षेत्रपाल

क्र. 8302-3453-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 8 अगस्त 2012 को प्रश्नपत्र-प्रथम वन विधि (बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीथार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	भोपाल संभाग	
1	श्री संजय पाठक	सहायक वन संरक्षक
2	श्री जयराज सिंह राठौर	सहायक वन संरक्षक
	होशंगाबाद संभाग	
3	श्री मनोज कटारिया	सहायक वन संरक्षक
4	श्री अजय वाहने	वन क्षेत्रपाल
5	श्री आशीष कुमार खोब्रागड़े	वन क्षेत्रपाल
6	श्री हेमराज वट	वन क्षेत्रपाल
7	श्री पंकज चौहान	वन क्षेत्रपाल
8	कु. विनिता जाटव	वन क्षेत्रपाल
9	श्री सिद्धार्थ दीपंकर	वन क्षेत्रपाल
	इन्दौर संभाग	
10	श्री गोपाल सिंह मुवेल	सहायक वन संरक्षक
11	श्री अशोक कुमार सोलंकी	सहायक वन संरक्षक
12	श्री रामकिशन सोलंकी	सहायक वन संरक्षक
13	श्री राकेश कुमार डामर	सहायक वन संरक्षक
14	श्री पी. एस. ठाकुर	वन क्षेत्रपाल
15	श्री रमेश कुमार मरकाम	वन क्षेत्रपाल
16	कु. आकांक्षा खातरकर	वन क्षेत्रपाल
17	कु. श्यामलता मेरावी	वन क्षेत्रपाल
18	श्री विजय सिंह मौर्य	वन क्षेत्रपाल
19	श्री अजय सागर	वन क्षेत्रपाल
20	श्री पीरूलाल परिहार	वन क्षेत्रपाल
21	श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी	वन क्षेत्रपाल
22	कु. संगीता रावत	वन क्षेत्रपाल
23	कु. पायल राजावत	वन क्षेत्रपाल
	ग्वालियर संभाग	
24	श्री एस. पी. मंगल	वन क्षेत्रपाल
	जबलपुर संभाग	
25	श्री सुनील सुलिया	वन क्षेत्रपाल
	सागर संभाग	
26	श्री राम कुमार अवधिया	सहायक वन संरक्षक
27	सुश्री उर्मिला मरकाम	वन क्षेत्रपाल
28	श्री सद्गुरू चक्रधर	वन क्षेत्रपाल
	रीवा संभाग	
29	श्री राजेश कुमार निनामा	सहायक वन संरक्षक
30	श्रीमती संगीता सिंह	वन क्षेत्रपाल
31	कु. प्रीति शाक्य	वन क्षेत्रपाल
32	श्री मनोज कुमार वास्कले	वन क्षेत्रपाल
	शहडोल संभाग	
33	श्री राम कुमार	वन क्षेत्रपाल
34	श्री आर. के. सिंह	वन क्षेत्रपाल

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गोपा पाण्डेय, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 नवम्बर 2012

क्र. ई-1-396-2012-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे के अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाये गए पद पर अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

क्रमांक	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना 3 में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	डॉ. देवराज बिरदी (1982) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन वन विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (अतिरिक्त प्रभार).	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता तथा पशुपालन विभाग.	–
2	श्री बी. पी. सिंह (1984) राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग एवं संस्कृति विभाग तथा ट्रस्टी सचिव, भारत भवन.	–
3	श्री पी. सी. मीना (1984) आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक संघ.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग.	–
4	श्री प्रभांशु कमल (1985) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन विभाग.	राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग.	प्रमुख सचिव म. प्र. शासन
5	श्री शैलेन्द्र सिंह (1988) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग.	विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश नई दिल्ली.	प्रमुख सचिव म. प्र. शासन
6	श्री शिवनारायण मिश्रा (1990) अवकाश से लौटने पर.	सदस्य सचिव राज्य वित्त आयोग	सचिव म. प्र. शासन
7	श्री अशोक कुमार शिवहरे (1995) कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.	–
8	श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव (1995) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (अतिरिक्त प्रभार).	आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक संघ (अतिरिक्त प्रभार).	–

(1)	(2)	(3)	(4)
9	श्री डी. पी. अहिरवार (1995) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग.	कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल.	-
10	श्री संजीव कुमार झा (1996) परियोजना संचालक, प्रोजेक्ट उदय.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (अतिरिक्त प्रभार).	-
11	श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव (1996) प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश कृषि विपणन बोर्ड-सह-आयुक्त, मण्डी, मध्यप्रदेश तथा सचिव, मुख्यमंत्री.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम (अतिरिक्त प्रभार) एवं सचिव, मुख्यमंत्री.	-
12	श्री शिवानन्द दुबे (1996) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.	कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना.	-
13	श्री जी. पी. श्रीवास्तव (1997) संचालक, कौशल विकास, जबलपुर	सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.	-
14	श्री महेन्द्र ज्ञानी (1998) कलेक्टर, मंदसौर.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश कृषि विपणन बोर्ड-सह-संचालक, मण्डी, मध्यप्रदेश.	अपर सचिव म. प्र. शासन
15	श्री शशांक मिश्रा (2007) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजगढ़.	कलेक्टर, मंदसौर.	-

(2) उपरोक्तानुसार श्री शैलेन्द्र सिंह, भाप्रसे (1988) द्वारा विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश नई दिल्ली का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती स्नेहलता कुमार, भाप्रसे (1979), वि.क.अ.-सह-आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश, नई दिल्ली तथा विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश नई दिल्ली केवल विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश नई दिल्ली के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(3) उपरोक्तानुसार श्री बी. पी. सिंह, भाप्रसे (1984) द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग तथा ट्रस्टी सचिव, भारत भवन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री के. के. सिंह, भाप्रसे (1985), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग तथा संस्कृति विभाग तथा ट्रस्टी सचिव, भारत भवन केवल संस्कृति विभाग तथा ट्रस्टी सचिव, भारत भवन के प्रभार से मुक्त होंगे.

(4) उपरोक्तानुसार श्री डी. पी. अहिरवार, भाप्रसे (1995) द्वारा कमिश्नर, शहडोल संभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री प्रदीप कुमार खरे, भाप्रसे (1992), कमिश्नर, रीवा संभाग तथा कमिश्नर, शहडोल संभाग, केवल कमिश्नर, शहडोल संभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

नरसिंहपुर (तेन्दूखेड़ा) दिनांक 22 सितम्बर 2012

रा. प्र.-क्र. 2-अ-82 वर्ष 2011-2012 पत्र क्र.-881-प्र.आ.वि.अ.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 संशोधन 1984 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उनके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल अर्जित रकबा (हे. में.)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
नरसिंहपुर	तेन्दूखेड़ा	चरगंवा	0.877	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/सं.) संभाग, नरसिंहपुर.	चरगवा गुदरई मार्ग सड़क निर्माण हेतु.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय एवं भू-अर्जन अधिकारी तेन्दूखेड़ा के न्यायालय में देखा जा सकता है.

नरसिंहपुर, दिनांक 8 अक्टूबर 2012

रा. मा. क्र.-1अ-82 वर्ष 2012-2013 पत्र क्रमांक-406-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 संशोधन 1984 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में.)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
नरसिंहपुर	गाडरवारा	अजंसरा प.ह.नं. 66 न.बं. 1	0.066	कार्यपालन यंत्री, रा.अ.बा.लो. सागर नहर संभाग क्र. 1, करेली.	घघरोला माईनर निर्माण हेतु

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर, नरसिंहपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजीव सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सीहोर, दिनांक 16 अक्टूबर 2012

प्र. क्र. 1 अ-82-2012-2013.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरुल्लागंज	घुटवानी	45.236	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा जलाशय हेतु डूब क्षेत्र एवं वेस्ट वियर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ.वि.अ. कार्यालय नसरुल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 2 अ-82-2012-2013.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	हमीदगंज	0.833	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा जलाशय की हमीदगंज वितरिका हेतु.

